दिन– सोमवार दिनांक– 13 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाएं सम्मेलन में होंगी शामिल।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कल राज्य कैबिनेट की बैठक होगी। भाजपा विधायक दल के नये नेता का चुनाव भी कल।

03. रेलवे ने बिहार में ग्यारह नये प्रोजेक्ट को लगाने के लिए दी मंजूरी। यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी।

04. और, राज्य के विभिन्न भागों में बढ़ी गर्मी। रोहतास के डेहरी में पारा चालीस डिग्री सेल्सियस के पास पहुंचा। मौसम विभाग ने कहा – अभी बढ़ेगी गर्मी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाएं इस आयोजन में शामिल होंगी। सरकार, शिक्षा जगत, विज्ञान, खेलकूद, उद्यमिता, मीडिया, सामाजिक कार्य और संस्कृति क्षेत्र से संबंधित महिलाएं भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी। यह सम्मेलन वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में महिलाओं की भूमिका स्पष्ट करेगा। सम्मेलन का आयोजन नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के लिए सोलह अप्रैल से शुरू हो रहे संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र से ठीक पहले हो रहा है। गौरतलब है कि संसद ने विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के उद्देश्य से सितम्बर दो हजार तेईस में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। अधिनियम में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित किये जाने का प्रावधान है।

---

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि देश की महिलाओं से किए गए वायदे, टालने की राजनीति नहीं बनाई जा सकती। श्री रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि दशकों से महिला आरक्षण केवल वायदा बना रहा और अब इस सरकार ने इसे

वास्तविकता में बदला है। श्री रिजिजू ने कहा कि वर्ष दो हजार उनतीस से पहले देश की नारी शक्ति को समुचित प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए परिसीमन से संबंधित संशोधन आवश्यक है। इधर, इस विशेष सत्र के लिए भाजपा ने अपने सभी सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है।

---

उच्चतम न्यायालय लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए तैंतीस प्रतिशत आरक्षण को लागू करने के विरोध में दायर याचिका की आज सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां की पीठ मामले की सुनवाई करेगी। यह याचिका कांग्रेस पार्टी की नेता जया ठाकुर ने दायर की है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक कल होगी। कैबिनेट विभाग के अपर सचिव अखिलेश कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी कर बताया है कि बैठक पटना स्थित मुख्य सचिवालय में सुबह ग्यारह बजे से आयोजित होगी।

---

इधर, राज्य में नई सरकार के गठन के लिए प्रयास तेज कर दिये गये हैं। भाजपा विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक कल बुलाई गयी है। बैठक में दल के नेता का चुनाव किया जाएगा। पार्टी ने वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। श्री सिंह ने कहा कि वे दिये गए दायित्व का जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे।

———साउंड बाइट———

वहीं, जदयू के वरिष्ठ नेता और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि भाजपा की अनुशंसा पर एनडीए विधायक दल का नया नेता चुना जाएगा। श्री चौधरी ने स्पष्ट किया कि एनडीए विधायक दल का नेता ही मुख्यमंत्री होगा।

---

प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत भारतीय रेलवे का विस्तार किया जा रहा है। रेल मंत्रालय के अनुसार वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस में पंद्रह लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ छह हजार किलोमीटर से अधिक के रेलवे

नेटवर्क को कवर किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा है कि वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में नई लाइनों, दोहरीकरण, मल्टीट्रैकिंग और अन्य कार्यों से संबंधित कुल सौ रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें बिहार को ग्यारह नये प्रोजेक्ट्स मिले हैं। इसमें राज्य के प्रमुख स्टेशन और लॉजिस्टीक हब को जोड़ा जाएगा।

---

अमरीका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता विफल होने के बाद पश्चिम एशिया संघर्ष ने नया मोड़ ले लिया है। वर्तमान में दोनों पक्षों के बीच आगे वार्ता जारी रखने के बारे में भी कोई समय–सीमा तय नहीं हो सकी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि अमरीका की नौसेना तुरन्त हॉर्मुज जलमडरुमध्य को ईरानी नियंत्रण से मुक्त कराने की कार्रवाई शुरू करेगी। अमेरीका ने कहा है कि हॉमुर्ज स्ट्रेट में ईरान को शुल्क का भुगतान कर आगे बढ़ने वाले पोतों को रोका जाएगा और ईरान द्वारा बिछाई गई बारुदी सुरंगों को हटाया जाएगा। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस कदम को ईरान की वसूली और उसकी परमाणु महत्वाकांक्षा रोकने के लिए आवश्यक बताया है। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि ईरान जल्दी ही अमरीकी शर्तों पर बातचीत फिर शुरू करेगा। इधर, ईरान ने चेतावनी दी है कि हॉर्मुज के निकट शत्रु देश के किसी भी सैन्य पोत का पहुंचना संघर्ष विराम का उल्लंघन माना जाएगा और उन्हें नष्ट कर दिया जाएगा। उसने कहा कि यह जलमार्ग शांतिपूर्ण पोत परिवहन के लिए खुला रहना चाहिए।

---

अमरनाथ यात्रा इस वर्ष तीन जुलाई से अट्ठाईस अगस्त रक्षा बंधन तक चलेगी। जम्मू–कश्मीर के उप–राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बताया है कि प्रथम पूजा ज्येष्ठ पूर्णिमा उनतीस जून को होगी। पंजीकरण पंद्रह अप्रैल से ऑनलाइन और ऑफलाइन शुरू होगी। उप राज्यपाल ने कहा कि यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों से होगी।

---

महान गायिका आशा भोसले का अंतिम संस्कार आज शाम चार बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। इससे पहले, उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए मुंबई के लोअर परेल स्थित कासा ग्रांड स्थित उनके आवास पर रखा जाएगा। स्थानीय लोग सुबह ग्यारह बजे से दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित कर सकेंगे। गौरतलब है कि कल आशा भोसले का निधन मुंबई के एक अस्पताल

में बानवें वर्ष की आयु में हो गया था। वे लोकप्रिय आशाताई के रूप से जानी जाती थीं। उन्हें पद्म विभूषण और महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार भी मिल चुके थे।

---

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के विभिन्न भागों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि की संभावना जताई है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास के डेहरी में अधिकतम तापमान उनचालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके साथ ही राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य हिस्सों के कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है।

---

पटना जिला प्रशासन ने आने वाले दिनों में बढ़ती गर्मी और लू की संभावना को लेकर नये दिशा–निर्देश जारी किये हैं। जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एसएम ने बताया कि इसके लिए स्कूलों में बच्चों को जागरूक करने और अस्पतालों में इलाज की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिये गये हैं। विभिन्न विभागों ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। आवश्यकता पड़ने पर लोग आपदा प्रबंधन विभाग के नम्बर– एक शून्य सात शून्य, स्वास्थ्य विभाग के नम्बर– एक शून्य चार और जिला आपातकालीन केन्द्र के नम्बर– शून्य छह एक दो, दो दो एक शून्य, एक एक आठ पर संपर्क कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में प्रार्थना के समय छात्रों को लू से बचाव की जानकारी देने के निर्देश दिये गये हैं।

---

कटिहार जिला प्रशासन ने निजी विद्यालयों में बच्चों के नए वर्ग में प्रवेश के लिए री– एडमिशन के नाम पर बड़ी राशि वसूले जाने पर रोक लगा दी है। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि अभिभावकों से शिकायत मिलने पर संबंधित विद्यालयों के संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

–––साउंड बाइट–––

---

राज्य सरकार सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की स्वच्छता रैंकिंग तय करेगी। बाल विकास परियोजना विभाग के अनुसार स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान प्राप्त करने वाले केंद्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस रैंकिंग में केंद्रों की स्वच्छता, शौचालय की स्थिति, हाथ धोने की सुविधा, पेयजल की गुणवत्ता, कचरा प्रबंधन और बच्चों के लिए स्वस्थ वातावरण जैसे महत्वपूर्ण सुविधाओं पर अंक दिये जायेंगे।

---

मधेपुरा जिले के शंकरपुर प्रखंड के मौजमा निवासी रूपेश कुमार आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे संवाद में शामिल होंगे। यह संवाद विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय से एमएड की पढ़ाई कर रहे रूपेश का चयन **'माई भारत बजट क्वेस्ट'** दो हजार छब्बीस के फाइनल राउंड के लिए हुआ है। इस क्वेस्ट में देशभर से बारह लाख से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया था।

---

राजगीर में सम्पन्न सोलहवीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरूष प्रतियोगिता का खिताब उत्तर प्रदेश ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने मध्य प्रदेश को पांच–दो से हरा दिया। पंजाब की टीम तीसरे स्थान पर रही।

---

लखीसराय में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सीवान ने पूर्णिया को सात–शून्य से पराजित कर दिया।

---

महाराष्ट्र के पुणे में होने वाली सोलहवीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता के लिए आज बिहार टीम का चयन किया जाएगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरन ने बताया कि चयन ट्रायल का आयोजन राजगीर खेल परिसर में होगा।

---

दरभंगा जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत एक घर में रसोई गैस सिलेंडर विस्फोट में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। आग बुझाने के दौरान जिले के अग्निशमन पदाधिकारी समेत चार व्यक्ति झुलस गए।

---

अररिया जिले के बथनाहा में सशस्त्र सीमा बल की टीम ने वाहन जांच के दौरान  एक युवक को करीब छह किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। बाद में सशस्त्र बल ने गिरफ्तार युवक को आगे की कार्रवाई के लिए जोगबनी थाना को सौंप दिया है।

---

मुंगेर जिले के संग्रामपुर प्रखंड अंतर्गत दीदारगंज गांव में शॉट सर्किट के कारण अगलगी की घटना में एक बड़े क्षेत्र में लगी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई।

---

पूर्णिया जिले के जानकी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चकमाका में पुलिस ने छापेमारी कर मादक पदार्थ स्मैक की बड़ी खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

पटना जिले के पालीगंज प्रखंड के अंकुरी गांव स्थित ठाकुरबाड़ी से चोरों ने लक्ष्मण और सीता मां की अष्टधातु की मूर्ति तथा चांदी का मुकुट चोरी कर लिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग – अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की बड़ी खबर है – झारखंड में बड़े सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़। एक सौ चौंसठ गिरफ्तार, इनमें तीन बिहार के हैं शामिल।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – सहरसा में एक थर्मामीटर खरीदने के लिए निकला एक करोड़ तैंतीस लाख का टेंडर : जांच शुरू।

**दैनिक भास्कर** की विशेष खबर है – बिहार सरकार की स्लो पेमेंट नीति, ग्याह दिन बीते। पांच लाख कर्मचारियों को मार्च महीने का वेतन नहीं मिला।

**प्रभात खबर** ने सुविख्यात पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर लिखा है – अलविदा आशा ताई, अभी न जाओ छोड़कर, दिल अभी भरा नहीं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाएं सम्मेलन में होंगी शामिल।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कल राज्य कैबिनेट की बैठक होगी। भाजपा विधायक दल के नये नेता का चुनाव भी कल।

03. रेलवे ने बिहार में ग्यारह नये प्रोजेक्ट को लगाने के लिए दी मंजूरी। यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी।

04. और, राज्य के विभिन्न भागों में बढ़ी गर्मी। रोहतास के डेहरी में पारा चालीस डिग्री सेल्सियस के पास पहुंचा। मौसम विभाग ने कहा – अभी बढ़ेगी गर्मी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।